## खबर संक्षेप



### यातायात के उल्लंघन पर की गई चालानी कार्रवाई

**उमरियापान।** यातायात के नियमों का उल्लंघन पर उमरियापान पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ चलानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला हैं। चालकों और वाहन मालिकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षा मानकों को लेकर जागरूक किया। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि बस स्टैंड पर आने वाहनों के दस्तावेज जांचे।नियमों का पालन नहीं करने पर 10 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई किया। इसके अलावा पुलिस ने क्षेत्र में संचालित स्कूलों की बसों की जांच की। बसों के कागजात देखा। स्कूल संचालकों, वाहन चालकों और परिचालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की समझाइश दिया।

### मैजिक एवं आटो की टक्कर लगने से दो लोग हुए घायल

**कटनी।** कोतवाली एवं बड़वारा थाना अंतर्गत हुए हादसों में दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत नन्हवारा कला में मैजिक वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुधीर उर्फ धीरू सिंह क्षत्री निवासी नन्हवारा कला थाना बड़वारा को मैजिक वाहन क्र. एमपी 21-जी-2536 के चालक ने टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गया। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। इसी तरह कोतवाली थाना अंतर्गत बाबा घाट के पास चंदन पांजा (30) साल निवासी उत्तर मारकंदपुर थाना पापुरा जिला पुरवा मेदिनीपुर बेस्ट बंगाल हाल राहुल बाग थाना कोतवाली आटो क्र. एमपी 21 जेडजी 0640 के चालक ने टक्कर मार दी। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**कटनी।** एक युवक पर चाकू से हमला किये जाने की घटना सामने आई है। घटना रंगनाथ नगर थाना अंतर्गथ धाऊ चक्की के पास हुई। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार युवक सदन कोल निवासी ग्राम भूला स्लीमनाबाद से चार पांच युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार युवक मजदूरी करके अपना जीवनयापन करता है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रंगनाथ पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

---


**सीएसपी ख्याति मिश्रा के पति तहसीलदार शैलेन्द्र शर्मा एवं परिजनों के साथ पुलिस द्वारा मारपीट एवं बंधक बनाने के आरोप**

# पुलिस पर मारपीट के आरोप, महिला थाना में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी







नगर में सीएसपी रही ख्याती मिश्रा का पारिवारिक मामला दिनों दिन चर्चित होता जा रहा है। इसका प्रमुख कारण पति और पत्नी के बीच अंतर्कलह बना हुआ है। पति तहसीलदार शैलेन्द्र शर्मा लगातार कटनी एसपी पर पारिवारिक संबंधों को विच्छेद करने, रैकी कराने तथा जान से मारने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करते आए हैं जबकि उनकी पत्नी ख्याति मिश्रा भी पति पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। शनिवार की रात पुलिस का हाईबोल्टेज ड्रामा सामने आया है। महिला थाना परिसर में शनिवार रविवार की रात करीब तीन से चार घंटे तक भारी गहमा गहमी का माहौल बना रहा। दरअसल पूरा मामला कटनी से मैहर जिले के अमरपाटन ट्रांसफर हुई सीएसपी ख्याति मिश्रा से जुड़ा हुआ है। ख्याति मिश्रा के पति तहसीलदार शैलेन्द्र शर्मा ने पुलिस पर उनके एवं परिजनों के साथ मारपीट करने तथा जबरन महिला थाना में बंधक बनाये जाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। शैलेन्द्र शर्मा का कहना है कि ख्याति का कटनी से ट्रांसफर हो गया था, जिसपर वे अपना सोने व चांदी के आभूषण लेने वहां पहुंचे थे, कुछ ही देर में वहां बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची और मारपीट करते हुए परिजनों को पुलिस वाहन में बैठकर महिला थाने ले आया गया और महिला थाने में भी उनके साथ मारपीट करते हुए उन्हें बंधक बनाकर रखा गया है। पुलिस जिन लोगों को थाने ले गई उनमें ख्याति मिश्रा की मांग सुलोचना, पिता नागेन्द्र मिश्रा, बहन हर्षिता के अलावा ख्याति मिश्रा की मामी रोशनी, 10 साल का बेटा विख्यात एवं पति शैलेन्द्र शर्मा एवं मां सुशीला शर्मा, चाची अरूणा शर्मा भी शामिल रही।

### एसपी पर गंभीर आरोप

पटेरा तहसीलदार शैलेन्द्र शर्मा ने कटनी एसपी अभिजीत कुमार रंजन पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। मीडिया को दी गईं जानकारी में बताया कि एसपी अभिजीत रंजन लंबे समय से उनके परिवार को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकियां भी दी जा चुकी हैं। जिसकी शिकायत भी केंद्र और राज्य स्तर पर कर चुके हैं। उन्होंने हुए पुरे घटना क्रम पर हत्या की साजिश की बात भी कही हैं। शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि उनके चाचा जबलपुर से कटनी आ रहे थे तभी तेवरी के पास उनका एक्सीडेंट करवा दिया गया। तहसीलदार डॉ. शैलेन्द्र शर्मा ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत द्वारा थाना कोतवाली में दी है जिस पर कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह ने जानकारी मे बताया कि पूरा मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा दिया गया है और उनके आदेश पर आगे की कार्यवाही और जांच कराई जाएगी।

### महीनों से चल रहा मामला

सीएससी ख्याति मिश्रा व उनके पति दमोह में पदस्थ तहसीलदार शैलेंद्र बिहारी शर्मा के बीच पिछले 6 माह से विवाद चल रहा है। तहसीलदार शैलेंद्र बिहारी शर्मा ने कटनी एसपी अभिजीत रंजन पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। कहा था कि एसपी के दबाव में उनकी पत्नी है और एसपी उनकी पत्नी को प्रताड़ित करते हुए घर से दूर कर रहे हैं। परिवार के लोगों पर भी संबंध तोड़ने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने एसपी पर जान से मारने की धमकी देने व रेकी कराने का भी आरोप लगाया था। हालांकि इसके बाद सीएससी ख्याति मिश्रा ने भी अपने पति के ही खिलाफ डीजीपी को पत्र लिखा था।

### धक्का मुक्की बाद में मांगी माफी

पुलिस जब डॉ शैलेन्द्र शर्मा के परिजनों को लेकर महिला थाने पहुंची, उसकी दौरान पत्रकारगण मामले का कवरेज कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने पत्रकारों को अंदर जाने से रोका और धक्कामुक्की की। इसको लेकर पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त हो गया। काफी देर तक गहमा गहमी का माहौल बना रहा। महिला थाने के बाहर मौजूद मीडियाकर्मी इस मांग पर अड़े थे कि उनके साथ धक्कामुक्की करने वाले पुलिस अधिकारी और पुलिस कर्मी खेद व्यक्त करें। रात 12 बजे के लगभग डीएसपी प्रभात शुक्ला एडिशनल एसपी ने पत्रकारों के साथ हुए अप्रिय व्यवहार पर खेद व्यक्त करते हुए हाथ जोड़कर माफी मांगी।

### प्रताड़ित कर रहे : ख्याति मिश्रा

ख्याति मिश्रा ने अपने पति शैलेन्द्र शर्मा पर प्रताड़ित करने के आरोप भी लगाए। उनका कहना है कि उन्हें पति के द्वारा प्रताड़ित लगातार किया जा रहा है। ख्याती मिश्रा ने बताया कि ट्रांसफर होने के बाद वे अपना सामान की पैकिंग कर रही थी उसी दौरान उनके पति व परिजन अचानक पहुंचे व उनके साथ अभद्रता करते हुए झूमाझटकी करने लगे, घर में मेरे सामान पैकिंग केदौरान महिला मित्र मौजूद थी, उन्होनें भी बीच बचाव किया, मामला बढ़ता देख महिला मित्र के साथ मैं घर से निकल आई। इस पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिसके बाद पुलिस मेरे घर पहुंचकर मेरे पति को समझाने का प्रयास किया, ख्याती का कहना है कि पति द्वारा लंबे समय से उनको लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।

---

**बीते माह पांच दिवसीय कार्यशाला का किया गया था आयोजन**

## डिबेट प्रतियोगिता के लिए कटनी जिले की डिस्ट्रिक्टर कोऑर्डिनेटर रिया चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भोपाल में आयोजित राष्ट्र स्टरीय क्षमता निर्माण कार्यशाला में कटनी जिले के 10 प्रतिभागियों ने शिरकत की। इसमें से जिले की डिर्स्ट्रिक्टर कोऑर्डिनेटर रिया कनौजिया का चयन डिबेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। भारत स्काउट एवं गाइड और यूनिसेफ के संयुक्तय तत्वाडवधान में संचालित प्रोजेक्टा क्लैप के अंतर्गत भारत स्कासउट गाइड युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बीते माह पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मध्य प्रदेश के 11 जिलों सहित राजस्थारन के 80 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिसमें कटनी जिले से 4 रोवर पंच रेंजर एक यूनिट लीडर सहित 10 की प्रतिभागिता रही।

कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन, परियोजना रिपोर्टिंग, सफलता की कहानियों की प्रस्तुति और टीमवर्क को लेकर प्रशिक्षित करना था। इस दौरान प्रतिभागियों को विशेष प्रेरणा मिली माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली भारतीय महिला पर्वतारोही श्रीमती ज्योति रात्रि से, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया।

श्रीमती मोनिका मौर्य एसबीसी अधिकारी यूनिसेफ, श्रीमती झिमली बरुआ एसबीसी विशेषज्ञ यूनिसेफ, नरेंद्र सिंह चौहान जल स्वच्छता और सीसीईएस अधिकारी यूनिसेफ, सास्वत नायक सीसीईएस यूनिसेफ विभिन्न विषयों में सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया।

रिसोर्स पर्सन श्रीमती रेखा श्रीधर एनजीओ उन्होंने बताया कि हमें स्टोरी टेलिंग कैसी करनी चाहिए. स्टोरी टेलिंगए फॉर्मेट कैसे होता है उदाहरण देखकर समझाया I साथ में हमारे साथ ही श्रीमती मेघा तिवारी एडवोकेट उन्होंने हमें बताया कि पिटीशन को फाइल कैसे करते हैं।

कटनी जिले की इस महत्वपूर्ण भागीदारी और उपलब्धि पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट पीपी सिंहसहित समस्त पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

---

**देवी अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण को दिया बढ़ावा**



पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्मजयंती पर भाजपा ने सिलौंड़ी मंडल के दशरमन में शौर्य सम्मान समारोह आयोजित किया।भारत माता और लोकमाता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि देवी अहिल्याबाई का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए हमेशा से समर्पित रहा। गांव में महिलाओं को दिए जा रहे सैन्य प्रशिक्षण में अहिल्याबाई भी तीर कमान और भाला चलाना सीख गई थीं।शिव भक्ति में लीन होते हुए महिला शासक के रूप में कुशल रणनीति और कुशल कूटनीति का उत्कृष्ट उदाहरण दिया।राजमाता अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की कुशल महिला शासकों में से एक थीं,जिन्होंने 1767 में राजगद्दी की बागडोर संभाली और अगले 30 वर्षों तक इंदौर पर शासन किया।हिंदुत्व के स्वाभिमान को जगाने के लिए अहिल्याबाई ने न सिर्फ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया बल्कि भारत में कई मंदिरों का निर्माण करवाया और ध्वस्त शिलाओं के पुनर्निर्माण पर भी जोर दिया।

---

# साल भर पहले ढह गया था पुल, आज तक नहीं बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा के सगवां और लालपुर गांव के बीच लाखों रुपये की लागत से बना पुल बीते साल बारिश के तेज बहाव में बह गया।एक साल का समय बीत जाने के बाद पुल की मरम्मत कराई गई न ही नवीन पुल का निर्माण शुरू कराया गया। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सालभर से खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से पुल बनवाने की भी मांग किया, लेकिन सालभर में कुछ नजर नहीं आया। पुल के निर्माण न होने से सिलौंडी क्षेत्र के दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है। अब बारिश के दिनों में ज्यादा दिक्कत होंगी।

दरअसल,ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के सगवां और लालपुर गांव के बीच लभेर नदी में लाखों रुपये की लागत से सालों पहले लोक निर्माण विभाग के द्वारा पुल का निर्माण कराया गया था। साल 2023 की बरसात के महीने में तेज बारिश के कारण पुल ढह गया। पुल के समीप की मिट्टी भी धसकने लगी। दो भागों में कटे पुल का आकार साल भर में बढ़ गया। पुल के ढह जाने के बाद ग्रामीणों को आवागमन बाधित हो गया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक परेशान है। वाहनों का आवागमन भी बंद है।

### नदी पार करने में जोखिम

जून माह से खुलने जा रहे हैं स्कूल सगवां और लालपुर के बीच लभेर नदी के पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद ग्रामीणों को दूसरे रास्ते से सफर करना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों को भी स्कूल जाने में जान जोखिम में डालकर नदी पार कर जाना पड़ेगा । गांव के कुछ लोग भी नदी से होकर आवागमन करते है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते साल की बारिश में पुल ढह गया। गर्मी और ठंड का मौसम गुजर गया। अब बारिश शुरू होने से ग्रामीणों का आना जाना मुश्किल भरा हो जाएगा। स्कूली बच्चों को ज्यादा दिक्कत होती है। ये बच्चे लभेर नदी में बह रहे पानी के बीच से होकर निकलते हैं। ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। चूंकि पुल के दोंनो तरफ मिट्टी धसकती है।नदी में बारिश का ज्यादा पानी आने पर भी खतरा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। दो-चार पहिया या अन्य बड़े वाहन भी दूसरे रास्ते से होकर जाते है। जिससे कि ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है। पुणे बरसात का मौसम आ चुका है और आज तक भी उनकी मरम्मत एवं निर्माण कार्य नहीं किया गया इसमें विभाग की लापरवाही सामने नजर आ रही है

---



**मुरवारी में सब स्टेशन बनाने की मांग चार वर्षों अधर में लटकी**

# 14 गांव में बिजली की बनी रहती है समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के मुरवारी, सनकुई,खाम्हा, अंतर्वेद, गनयारी, अमगवां,बिजौरा, देवरी , बिछिया, पिपरिया,बरही करही, नैनवां, परसेल,14 ग्रामों में बिजली की समस्या का सामना कर रहे स्थानीय ग्रामीणों ने काफी लंबे समय से सब स्टेशन की मांग उठाई है। यह समस्या बिजली की अनियमित आपूर्ति, बार-बार कटौती, और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारण है, जिससे स्थानीय लोगों की दैनिक जीवन में बाधा उत्पन्न हुई हो रही है। यह समस्या मुरवारी से लगे 14 ग्रामों में बिजली आपूर्ति अनियमित है। बार-बार बिजली कटौती और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र में लंबे समय से सब स्टेशन स्थापित करने की मांग की जा रही है। सब स्टेशन बनने से बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा। बिजली की अनियमित आपूर्ति और कटौती से लोगों के दैनिक जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। इससे कामकाज, शिक्षा, खेती किसानी और दैनिक जीवन में बाधा आ रही है।

बिजली की आपूर्ति को नियमित करने और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए क्षेत्रीय लोगों ने तकरीबन चार वर्षों से मांग की जा रही किन्तु संबंधित जिम्मेदार अधिकारीयों द्वारा अभी भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वही जनपद पंचायत सदस्य ज्योति दीपू बैरागी ने कहा मुरवारी में 132 के वी का सबस्टेशन बना हुआ है किन्तु यहां के तकरीबन 11 गांव को इससे लाभ नहीं मिल रहा है इन गांवों में आज भी सबडिवीजन ढीमरखेड़ा से बिजली की सप्लाई हो रही है। जिससे लो-वोल्टेज फाल्टों की समस्या बनी रहती है।इसलिए बिजली समस्या के समाधान के लिए 133/11 के वी का सबस्टेशन की लगातार मांग की जा रही है। जिससे तकरीबन 14 गांवों के कृषि एवं घरेलू लाइट सुचारू ढंग रहे। वही आक्रोश ग्रामीणों ने कहा अतिशीघ्र सबस्टेशन की मांग पर संबंधित अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो चका जमा करने में मजबूर होना पड़ेगा।

---

**नगर निगम ऑडीटोरियम में कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

# नाट्य मंचन से देवी अहिल्याबाई के सामाजिक कार्यों की दी गई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम ऑडिटोरियम कटनी में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजन हुआ। आयोजन में भोपाल से उपस्थित हुई प्रांतीय संयोजिका और बाल कल्याण आयोग की सदस्य मेघा पवार ने मुख्य वक्ता की आसंदी से कहा कि देवी अहिल्या बाई ने कर्तव्य पथ पर रहते हुए अपना राजकाज संभाला। पुण्यश्लोका, देवी, साध्वी, मातोश्री, गंगा जल निर्मल ऐसी विभिन्न उपाधियों से उन्हें विभूषित किया जाता है। प्रत्येक विशेषण उनके जीवन की पवित्रता, शुद्धता, सात्विकता का बोध कराता है। महिलाओं को उचित स्थान मिले, विधवा विवाह, सर्व धर्म समभाव, राजनैतिक चातुर्य, कूटनीति में प्रवीण, चतुरंगिनी सेना से पूर्ण अहिल्या देवी का चरित्र था। देशभर के अनेक मंदिर उन्होंने बनवाए,घाटों का पुनरुद्धार कराया, अपना दुख दर्द हृदय में दबाते हुए स्थिर चित्त से वे प्रजाहित कार्य में लीन रही।

### सशक्त समाज के लिए नारी का शिक्षित होना आवश्यक

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती चित्रा प्रभात ने कहा कि यदि किसी समाज को शसक्त करना है तो नारी का शिक्षित रहना आवश्यक है, आर्थिक रूप से देवी अहिल्या ने महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया और पूरे देश भर में धर्म परायणता के माध्यम से जागृति फैलाई, समाज की कुरीतियों को दूर किया, काशी विश्वनाथ जैसे सैकड़ों मंदिरों का पुनरुद्धार करवाया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुनील बाजपेई ने कहा कि उनके चरित्र को हम अपने आचरण में लाएं तभी उनकी जयंती सही मायने में सार्थक रहेगी। कार्यक्रम में अहिल्या देवी जी के ऊपर तीन नाट्यमंचन हुए जो उनके धर्म परायणता, कुशल प्रशासक और राजनीतिक चातुर्य के ऊपर थे।

मंचासीन अन्य अतिथियों में डॉक्टर अमित साहू, कार्यक्रम संयोजक नीतू कनकने, कार्यक्रम सहसंयोजक मुकेश चंदेरिया रहे। कार्यक्रम का संचालन उमा बहरे ने किया। बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक जन, मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, दोनो पक्षों पर मामला दर्ज

**कटनी।** किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला कोतवाली थाना अंतर्गत जमोड़ी टोला का है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गीता आदिवासी पति मनोज आदिवासी निवासी जमोड़ी टोला थाना कोतवाली के साथ सुनील आदिवासी व उसकी बहन सीता आदिवासी ने मारपीट की। इस विवाद में राजू आदिवासी घायल हो गया। इसी तरह दूसरे पक्ष की ओर से सीता कोल पति शंकर कोल निवासी ग्राम जमोड़ी कैलवारा खुर्द के साथ राजू आदिवासी ने मारपीट की। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### घुमंतु मवेशियों को पकड़ने चलाया जा रहा अभियान

**कटनी**। नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो में आवारा मवेशी के विचरण के कारण आम नागरिकों को होनें वाली यातायात संबंधी परेशानी तथा संभावित वाहन दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम की हांकां टीम के माध्यम से आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पकड़े गए आवारा मवेशियों को वाहन के माध्यम से अमतीरगंज स्थित कांजी हाउस में भेजनें का कार्य निरंतर जारी है। स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी तारतम्य में गतदिवस नगरपालिक की हांका टीम द्वारा जय प्रकाश वार्ड के विभिन्न मार्गो में अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में आवारा विचरण कर यातायात को बाधित कर रहे 4 नग मवेशियों को पकड़कर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही की गई। आपने जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी यह कार्यवाही लगातार नियमित रूप से जारी रहेगी।

### द्वितीय परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

**कटनी**। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदनपत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

### डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये प्रक्रिया शुरू

**कटनी**। प्रदेश के समस्त शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) एवं अशासकीय महाविद्यालयों में डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्थानों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र की बेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गयी है। उल्लेखनीय है कि उक्त संस्थानों में डीएलएड पाठ्यक्रम की नियत सीटों पर प्रवेश, अभ्यर्थी के कक्षा 12वीं में प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट अनुसार शासन द्वारा आरक्षण संबंधी जारी निर्देशों के तहत किये जायेंगे। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर आरक्षण नियमों के अनुसार मेरिट सूची 6 जून को तथा योग्य अभ्यर्थियों को विभिन्न संस्थानों में प्रवेश आवंटन 7 जून से 10 जून तक जारी किये जायेंगे। चयनित अभ्यर्थी 11 जून से 16 जून के मध्य उन्हें आंवटित संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे।

## कार्यवाही नहीं होने से चल रही मनमानी, बरसात में बढ़ती हैं मुश्किलें

# ओवरलोड भारी वाहनों से सड़कों की हालत जर्जर, आवागमन कष्टदायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

क्षमता से अधिक खनिजों का ओवरलोड परिवहन से सड़कों की हालत जर्जर और खस्ताहाल हो रही है। गड्ढों की वजह से न सिर्फ आवागमन कष्टदायी हो जाता है बल्कि हादसों की वजह भी बनता है। ओवरलोडिंग पर सख्त कार्यवाही नहीं होने से मनमानी चल रही है। ओवरलोड भारी वाहन सड़को का सत्यानाश कर रहे है। डंपर, हाईवा जैसे भारी वाहनो पर लगे पटरे तत्काल हटवाने निर्देश होने के बावजूद इसके भारी वाहनो से पटरे नहीं हटाये गये।



दरअसल रेत, गिटटी, सीमेंट, कोयला, सरिया लोड भारी भरकम हाईवा बेरोकटोक सड़को पर दौड़ रहे है। 50-50 टन वजनी हाईवा जहां से भी गुजरते है वही सड़को की शामत आ जाती है। वाहनो के साइड लेते ही किनारे से सड़क टूटने के अलावा कभी दबकर ढाल बनने तो कही अधिक दवाब से गढडा बन जाता है। यदि सड़क एक बार उखड़ी तो फिर उसी पर से वाहनों की लगातार आवाजाही की वजह से उखड़ती चली जाती है और बिना किसी हादसा या हो हल्ला के मरम्मत भी नही होती।

सड़को का दम निकाल रहे भारी भरकम ओवरलोड वाहनों पर कभी कभार ही दिखावे की कार्यवाही होती है। इन ओवरलोड वाहनों की कही भी जांच कार्यवाही हो सकती है लेकिन इस दिशा में न तो परिवहन अधिकारी न ही खनिज विभाग के अधिकारी ध्यान नही दे पा रहे है। नतीजन सड़के बर्बाद हो रही है। ग्रामीण सड़को के अलावा शहर की अंदरूनी सड़को में भी भारी वाहनों की धमाचौकड़ी से न सिर्फ सड़क खराब हो रही है बल्कि ओवरब्रिज पर भी खतरा मंडरा रहा है।

रिहायशी बस्तियों के बीच से भारी वाहनो की आवाजाही पर पूरी तरह विराम नही लग सका है। रिहायशी क्षेत्र से भारी वाहनो की आवाजाही से पूर्व में अनेक हादसे हो चुके है। अकाल मौत भी हो चुकी है। बावजूद इसके भारी वाहनो की आवाजाही नही थम रही है। जगह जगह पर सड़क में गड्ढे भी है इसी वजह से हादसे का अंदेशा बना रहता है। इतना सब होने के बावजूद समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। उखड़ी सड़क की गिट्टियां उचटकर लोगो को लगती है। नशे की हालत में वाहन चालन की बजह से हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। कार्यवाही नहीं होने से भारी वाहनो की धमाचौकड़ी और बढ़ गई है।

ओवरलोड भारी वाहनो पर नियमित कार्यवाही न होने के पीछे एक वजह राजनीतिक दल से जुड़े नेताओं के वाहन है। वाहनों की पहचान के लिये या तो उन पर नेताओं का सरनेम लिखा है या फिर पार्टियों के चिन्ह बने हुए है। ऐसे वाहनों को छोड़कर ही अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जाती है जिनकी गिनती बेहद कम है। गौरतलब है कि टाटा, महिन्द्रा जैसी अनेक कंपनियों के हाईवा जिनकी क्षमता के हिसाब से बाडी तो बना दी गई है लेकिन ओवरलोडिग के लिये वाहन मालिको द्वारा अलग से पटरा लगाकर रेत ढोई जा रही है। इसी वजह से सड़के ध्वस्त हो रही है।



# जल व पर्यावरण संरक्षण हेतु चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रविवार को जल व पर्यावरण संरक्षण के विषय में समुदाय के साथ चौपाल बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का निर्देशन जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल और विकासखंड समन्वयक बबिता शाह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्था गुड़ा के सदस्यों द्वारा समुदाय के साथ जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। पानी की एक-एक बूंद का महत्व और उपयोग एवं दुरुपयोग में अंतर बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच पौधे लगाने और संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### नागिन माता मंदिर के सामने नाला में पत्थर बंधान कर किया गया श्रमदान

कार्यक्रम के दौरान नागिन माता मंदिर के सामने नाला में पत्थर बंधान कर समुदाय के साथ श्रमदान किया गया। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था गुड़ा के सदस्यों और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति दियागढ़ के अध्यक्ष और सदस्यों का सहयोग मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संसाधनों के महत्व और संरक्षण के प्रति समुदाय को जागरूक करना था।

## लोक सुनवाई सह जन संवाद का दूसरा चरण 5 जून से होगा शुरू

# कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर सुनेंगे समस्याएं और करेंगे निराकरण की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए लोक सुनवाई का दूसरा चरण शुरू हो रहा है। इसके तहत ज़िले का पहला कार्यक्रम गुरुवार 5 जून को शाम 5 बजे से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में आयोजित होगा। जहां कलेक्टर स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होंगें। जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर ने सभी के लिए दिन, तिथि और समय घोषित कर दिया है। जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कलेक्टर सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की टीम द्वारा आम जनता के बीच ग्राम पंचायत तक पहुंच कर उनकी समस्याएं और शिकायतें जानने की पहल कर्मठ सुशासन की नजीर है। यह पहल करने वाला कटनी प्रदेश का पहला जिला होगा, जहां के कलेक्टर सहित जिला अधिकारी गांव में जाकर लोगों का दुःख-दर्द जानेंगे।

जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में गुरूवार 5 जून को पहली लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के बाद जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में 12 जून को दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 19 जून को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में, 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

## कृषि की उन्नत तकनीक एवं योजनाओं की दी जानकारी



विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत दिनांक 29 मई से 12 जून तक ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कृषि की उन्नत तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी हेतु वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित पंचायतों में निर्धारित दिनांक और समय अनुसार कार्यक्रम आयोजित कर कृषकों को जानकारी दी जा रही है इसी अंतर्गत आज दिनांक 01,06,2025 को ग्राम पँचायत अमाड़ी, बरछेका,बनहरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कृषि की उन्नत तकनीको एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ आर के मिश्रा, डॉक्टर अर्चना एवं एस. ए. डी. ओ. कृषि आर. के.रावत तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने दिये निर्देश

# 37 लाख से बन रहे पंचायत भवन का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत द्वारा मैदानी भ्रमण और निरीक्षण का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में श्री गेमावत ने बहोरीबंद जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत डिहुटा एवं बरखेड़ा भरदा में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने ग्राम पंचायत डिहुटा में 37.49 लाख रूपये की लागत से निर्मित हो रहे नवीन अटल पंचायत भवन का निरीक्षण किया। जिसके निर्माण कार्य में प्रगति पाई गई। उन्होंचने कार्य को समय-सीमा में मापदंडों के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।साथ हीउन्होंने ग्राम पंचायत भरदा बरखेड़ा में नवीन तालाब निर्माण कार्य के निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सहायक यंत्री से पानी के ढाल की जांच कराई ।



निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद अभिषेक झा, परियोजना अधिकारी नरेगा ऋषिराज चढ़ार, सहायक परियोजना अधिकारी मूलचंद सिंगोरे, सहायक यंत्री अरविंद पटेल, सरपंच डिहुटा संतोष कुमार लोधी व विकास पांडे उपस्थित रहे।

## बारिश पूर्व कराई जा रही सफाई ताकि जल भराव की समस्या न हो

# सुचारू सफाई व्यवस्था एवं बीमारियों पर नियंत्रण के लिए सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा वैसे तो नगर की सफाई व्यवस्था हेतु नियमित रूप से शहर के सभी वार्डों में सफाई का कार्य किया जाता है। लेकिन वर्तमान गर्मी के मौसम के चलते नगर के समस्त मुख्य मार्गो, बाजार स्थलों सहित अन्य माार्गो में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जारी है। वहीं दूसरी ओर बरसात के मौसम में नगर मे उत्पन्न होनें वाली जलभराव की समस्या को देखते हुए विशेष तैयारी कर नगर के बड़े एवं छोटे नाले - नालियों की सफाई का कार्य अभियान स्वरूप किया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था सहित जल निकासी की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखनें के निर्देश दिए गए है। जिसके परिपालन में युद्ध स्तर पर नगर में सफाई का काम शुरू कर दिया गया है।

### टीम बनाकर सौंपे दायित्व

बरसात से पूर्व शहर के सभी नाला व नाली की सफाई कराने को लेकर निगम प्रशासन गंभीर है। शहर की सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग अधिकारी रोजाना प्रातः कर आवश्यक दिशा- निर्देश दे रहे हैं। इस कार्य के लिए टीम बनायी गयी है और सफाई कर्मी अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं तथा सभी सुपरवाइजर व वार्ड दरोगा से रिपोर्ट ली जा रही है।

सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु दो पालियों में की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था अंतर्गत बस स्टेंड परिसर, मेन रोड, सुभाष चौक, गांधी द्वार से मिशन चौक, मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग सहित अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। वहीं माई नदी से दुर्गा चौक तक स्वीपिंग मशीन चलाई जाकर मार्ग की सफाई कराई गई। इसके अलावा प्रातःकालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान बरगवां ओव्हर ब्रिज, चांडक चौक पुल, ऑडिटोरियम परिसर, मुक्तिधाम पहुंच मार्ग एवं मुक्तिधाम परिसर बस स्टेंड मुख्य मार्ग सहित बस स्टेंड यात्री प्रतीक्षालय एवं परिसर पन्ना मोड़ मिशन चौक पीरबाबा उर्स मेला परिसर सहित समस्त वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया।


नगर के नाले- नालियों के माध्यम से सुगम जल निकासी हेतु वार्ड क्रमांक 10 के मुख्य मार्गो, साधूराम स्कूल के सामने एवं बाड़े के अंदर, वार्ड क्रमांक 11 मुन्ना गली, रामनिवास सिंह वार्ड की विभिन्न गलियों, वार्ड क्रमांक 32 शमशान भूमि के पीछे स्थित बडे.नाले, वार्ड क्रमांक 23 स्थित सुभाष चौक, वार्ड क्रमांक 20 स्थित यादव बस्त, वार्ड क्रमांक 21 स्थित मित्र विहार कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 27 बरगवां बस्ती, वार्ड क्रमांक 39 चाचा किराना स्टोर्स के पीछे की नाली की सफाई का कार्य स्वच्छता दूतों की टीम के माध्यम से कराया गया।

## पानी को सहेजने से इस वर्ष उत्पन्न नहीं हुई जल आपूर्ति की समस्या

# खदानों में वर्षा जल संग्रहण की अभिनव पहल बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गर्मियों में कटनी शहर की पेयजल समस्या) को दूर करने में यहां की खदानों में भरा पानी वरदान बन गया। जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सूझ-बूझ के मणिकांचन संयोग ने शहर की पानी की किल्ल त ही दूर कर दी। जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई कटनी जिले के ग्रीष्मीकालीन जलापूर्ति कार्ययोजना की सराहना तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा भी वीडियो कॉन्फ्रें सिंग द्वारा की गई थी। नागरिकों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति एवं भूमिगत जलस्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से कटनी नदी के माध्यम से व्यर्थ बह जाने वाले बारिश के पानी को जागृति पार्क के पीछे स्थित विश्वकर्मा खदान,कंचन खदान एवं अन्य खदानों में सहेजने की रूपरेखा तैयार कर इसे समय रहते मूर्त रूप दिया गया। गर्मी के मौसम में खदानों में सहेजे गए पानी को फिल्टर कर जलापूर्ति किए जाने से नगर में ग्रीष्म ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाली जलापूर्ति एवं पेयजल संकट की समस्या से काफी हद तक राहत मिली है।



### पहाड़ियों का पानी किया संरक्षित

महापौर प्रीति सूरी के निर्देश पर नगर की पेयजल व्यवस्था की सुचारू आपूर्ति करनेकी कोशिश की गई। वर्षाकाल के दौरान उपनगरीय क्षेत्र स्थित एसीसी रोड में पहाड़ों का पानी क्षेत्र के निर्मित 2 पुलियों के माध्यम से माधव नगर में निर्मित सेवन इलेवन नाले से व्यर्थ बह जाने वाले पानी को सहेजने के लिए विगत वर्षों में नगर निगम द्वारा स्टॉपडेम बनाकर स्टॉपडेम से कच्चे नाले के माध्यम से खदान नंबर 5 को जोड़ने का कार्य किया गया। जिससे उक्त खदान में वर्षा जल संचयन का कार्य भूजल स्तर को बढ़ाने एवं नगर की पेयजल आपूर्ति हेतु रॉ वाटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने में वरदान साबित हो रहा है।

### इमलिया खदान ने दिया भरपूर साथ

नगर में जलापूर्ति हेतु वैकल्पिक जल स्त्रोत की उपलब्धता हेतु माधवनगर स्थित इमलिया खदान प्रोजेक्ट ने भी ग्रीष्म ऋतु के दौरान नगर की सफलतापूर्वक पेयजल आपूर्ति में भरपूर साथ दिया। जिसके चलते इस ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। ज्ञातव्य हो कि शहर को ग्रीष्म कालीन पेयजल समस्या से निजात दिलानें हेतु जिला प्रशासन एवं मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल एवं नगर निगम के भागीरथ प्रयासों के परिणाम स्वरूप ईमलिया खदान से कटायेघाट फिल्टर प्लांट तक पानी लाने की कार्ययोजना के क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन द्वारा खनिज प्रतिष्ठान मद से 2 करोड़ रूपये तथा विधायक श्री जायसवाल द्वारा विधायक निधि से 50 लाख रूपये की राशि दी गई थी।

### नदी गहरीकरण कार्य

इसके अलावा विगत वर्षों में कटनी नदी के जलस्तर में कमी होने पर नदी के अपस्ट्रीम में बिलहरी, घिनौचीद्वारा ग्राम में कटनी नदी की सफाई एवं गहरीकरण सहित आस पास की शासकीय बंजर भूमि में पूल निर्माण का कार्य किये जाने से जलग्रहण क्षमता का संवर्धन हुआ है। जिसके फलस्वरूप विगत 2 वर्षों से कटनी नदी बैराज से होने वाली पेयजल आपूर्ति में भी सुधार हुआ है।

वैकल्पिक जल स्त्रोत सहित समय रहते जल संरक्षण की व्यवस्था कर ग्रीष्मकाल के दौरान नगर की सुचारू जलापूर्ति हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के दूरगामी सोच के सुखद परिणाम अब देखने को मिल रहे है। इन महत्वपूर्ण कार्यों को समय रहते पूर्ण करने हेतु निगम प्रशासन द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### साफ सफाई के साथ फागिंग मशीन से किया जा रहा धुआं

**कटनी**। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने शहर में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही तमाम आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए है। आदेश के परिपालन में दो पालियों के माध्यम से शहर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग (दवा का छिड़काव) किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार रात्रि को निगम प्रशासन द्वारा क्षेत्रीय वार्ड पार्षद की जानकारी एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में वार्ड क्रमांक 6 स्थित बाबली टोला नगीना मस्जिद गाटर घाट मुख्य मार्ग धंतीबाई स्कूल कैलवारा रोड सहित वार्ड के अन्य मुख्य मार्गो सहित गलियों में फागिंग मशीन से दवा का विशेष छिड़काव का कार्य किया गया। वहीं अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 07 में भी क्षेत्रीय पार्षद से संपर्क कर उनके मार्गदर्शन में वार्ड स्थित गोतम गली पार्षद गली महाकाल गली पुरवार गली स्कूल गली लोहार गली जगन्नाथ मंदिर गली चंडक चोक गट्टानी गली आदि में वार्ड दरोगा महोदय की मौजूदगी में दावा का छिड़काव कराया जाकर मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण की कार्यवाही की गई।

### दो महिलाओं को किया दस्तयाब

**उमरियापान**। थाना क्षेत्र से गुम हुई दो महिलाओं को उमरियापान पुलिस ने अलग अलग क्षेत्रों से दस्तयाब किया है। पुलिस ने दोनों को परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र से गुमशुदा हुई दो महिलाओं को अलग अलग स्थानों से दस्तयाब किया है। दस्तयाबी उपरांत महिलाओं को उनके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द किया गया।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पताः बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

## सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह आज

**बनवार।** उच्च श्रेणी शिक्षक मनोहर लाल अहिरवार की 31 मई को सेवानिवृत्ति होने के उपलक्ष में 2 जून को शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय बनवार में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रवेंद्र वैध विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विशिष्ट अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य गोपाल महोबिया, बम्होरी बनवार प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार और प्रमोद खरे उपस्थित रहेंगे। समारोह का आयोजन शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय बनवार में किया जा रहा है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित किया जाएगा और उनकी सेवाओं को याद किया जाएगा।- समारोह में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।- सेवानिवृत्त शिक्षक के परिवार के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे।

## पाठक कॉलोनी तालाब में किया गया श्रमदान

**दमोह ।** गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा का 49 वां सप्ताह के अंतर्गत पाठक कॉलोनी तालाब में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वंयसेवी संस्थाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। उक्त श्रमदान कार्य पिछले 48 सप्ताह से जारी हैं। आज यह श्रमदान की श्रंखला का 49 वा सप्ताह था। श्रमदान कार्य सामज सेवियों, स्वयं सेवियों, जनप्रतिनिधियों, आमजन के सहयोग से चलाया जा रहा हैं।

## पेयजल की समस्या के चलते रात्रि दो बजे से हैण्डपम्प चलाने के लिए महिलायें पहुंच रहीं

**पन्ना।** आखिर अभी भी सभी को चेतने की जरूरत है। यह सिंगनल है जो पेयजल समस्या को लेकर कई गांवो में हालात स्वयं बयां हो रहे है। आने वाले समय में जल का संकट ही सबसे बड़ा माना जा रहा है। वृक्षों का सफाया तथा वृक्षारोपण के नाम पर औपचारिकतायें हालात निश्चितौर पर पर्यावरण तथा पेयजल दोनों को लेकर आने वाले समय में संकट का आहट स्वयं अभी से कई जगह पेयजल की समस्या से जाना जा रहा है। बिलाही के ग्राम कुडई में जहां दो बजे रात्रि से महिलायें हैण्डपम्प में पानी भरने को लेकर मजबूर है।

### बरसों से क्षेत्रवासी पुल-पुलियों की ऊंचाई बढ़ाने की निरंतर कर रहे है मांग

# एक बार फिर कम ऊंचाई के पुल क्षेत्रवासियों के लिए बारिश में बनेंगे मुसीबत का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा तहसील क्षेत्रों में कई ऐसे पुल हैं जिनकी ऊंचाई बहुत ही कम है। पुल की ऊंचाई कम होने से बरसात में आवागमन यहां बाधित होता है। जबेरा तहसील क्षेत्रों में कई ऐसे पुल हैं जिनकी ऊंचाई बहुत ही कम है। पुल की ऊंचाई कम होने से बरसात में आवागमन यहां बाधित होता है। आलम यह है कि बरसात के मौसम में जरा सी बारिश हुई तो पुल पर पानी आ जाता है। दर्जनों गांव का आवागमन बंद हो जाता है छात्र छात्राएं सुबह स्कूल जाती और शाम को लौटकर घर पहुंचने यह बाढ़ग्रस्त पुल बाधक बन जाते तहसील जबेरा के हरदुआ सुमेर चौपरा छपरवाहा मोसीपुर सगरा कुसमी बनवार घटेरा हिनोती लखनी सहित तहसील के अन्य मार्गो पर एक दर्जन से अधिक छोटे पुल, पुलिया ग्रामीणों को बारिश में बड़ा परेशान करते हैं। ग्रामीणों की माने तो जिला प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी कोई प्रयास नहीं किए गए।ग्रामीणों का कहना है कि बारिश में जब भी नाले उफान पर आते हैं तो मार्ग बंद हो जाता है जिसमें घंटों इंतजार के बाद ही आवागमन चालू हो पाता है। इन पुलों की ऊंचाई भी कम होने के कारण यह मार्ग वर्षों से बारिश में लोगों को बाधक बन रहे है क्षेत्रवासियों की ओर से पुलों की ऊंचाई बढ़ाने लगातार मांग की जा रही है लेकिन संबंधित अधिकारियों की अनदेखी के चलते लोग परेशानियों का सामना करते चले आ रहे हैं। जनपद सदस्य पंडित गोविंद तिवारी कुसमी बगलवारा ने बताया बरसात के दिनों में जिला मुख्यालय या तहसील मुख्यालय जाने के लिए कम ऊंचाई के इन पुलों जरा सी वारिश में बाढ़ ग्रस्त होने की स्तिथि स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती हैं बच्चे हाई स्कूल नहीं पहुंच पाते है ग्रामीणों को आने जाने में काफी समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड़ता है। इसके अलावा और भी पुल हैं जिनकी ऊंचाई कम होने का दंश ग्रामीण झेल रहे हैं। जिनमें नदियों से घिरे मनगुंवा छपरवाहा लखनी पिपरिया नवल जैसे गांव बारिश में टापू बन जाते है यहां एक तरफ शून्य नदी पर बना कम ऊंचाई का पुल है तो दूसरी तरह छपरवाहा नाला यही हाल हरदुआ सुमेर का जहां चौपरा मुख्य सड़क से जोड़ने वाले नाले पर बनी पुलिया नुमा पुल विजय सागर जबेरा मार्ग विजय सागर पुलिया कौरता पारना पर कौरता पटी पुलिया हल्की बारिश के दौरान बाढ़ ग्रस्त रहता है बारिश के दौरान जब यह पुल चढ़ता है तो छात्र स्कूल नहीं आ पाते और गंभीर बीमार मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती। जंप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह ने बताया कि इस मार्ग पर ऊंचा पुल निर्माण की आश्यकता है।बरसात के दिनों में जिला मुख्यालय या तहसील मुख्यालय जाने के लिए इन कम ऊंचाई के इन पुल पुलियों स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती हैं जिससे आने जाने में काफी समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड़ता है। इसके अलावा और भी पुल हैं जिनकी ऊंचाई कम होने का दंश ग्रामीण झेल रहे हैं। बारिश के दौरान जब यह पुल चढ़ते तो छात्र स्कूल नहीं आ पाते और गंभीर बीमार मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती।

धुंगगी नाला शून्य नदी महादेव घाट सहित व्यारमां नदी बनवार बड़े घाट सेतु निर्माण होने के बाद लिंक रोड पर आज भी कम ऊंचाई के पुल पुलिया लोगों वारिश में मुसीबत बने हुए है जिससे नोहटा रोड बनवार बांदकपुर मार्गों पर सेतु निर्माण के बाद भी क्षेत्र के दर्जनों लिंक रोड पर कम ऊंचाई के पुलपुलियों की वजह से बाढ़ जैसी त्रासदी वर्षों से क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ती है

## पन्ना नाके पर टायर पंचर की दुकान में लगी आग



**हटा।** नगर के पन्ना नाका स्थित सिद्धार्थ पैलेस के सामने बिहार वाले की टायर पंचर की दुकान में रविवार की रात्रि अचानक लगी आग लग गई जिस दुकान में रखा ट्यूब टायर का सामान जलकर खाक हो गया। देखते ही देखते आग ने लिया विक्राल रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गनीमत रही कि दुकान में रखा हवा कैप्रेसर में आग नहीं लगी जिससे बड़ा हादसा होते होते बच गया। आग लगते ही उपस्थित लोगों द्वारा आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया गया वहीं कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

### नशा करने वाला समाज से सम्मान नहीं पाताः सुशील नामदेव

**दमोह।** नशा करने वाला चाहे कुछ भी प्राप्त कर ले, किंतु उसे समाज का सम्मान कभी नहीं मिलता,उक्त आशय के विचार जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने गायत्री परिवार द्वारा आयोजित नशा मुक्ति के लिए निकली जन जागरण रैली में व्यक्त किए। ज्ञातव्य है कि दमोह में विगत 30 वर्षों से गायत्री परिवार व्यसन मुक्त समाज का संदेश देने विश्व तंबाखू निषेध दिवस 31 मई को संगोष्ठी, वाहन रैली,जन जागरण के लिए प्रबुद्ध जनों की पैदल रैली,आदि उपक्रम करता आ रहा है। जन जागरण रैली में गायत्री परिजन बड़े बड़े पोस्टर्स, दफ्ती हाथ में लेकर एव नशा छोड़ने को प्रेरित करने वाले नारे लगाते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से निकले। कार्यक्रम का समापन गायत्री गेट पर एक छोटी सभा के रूप में हुआ,जिसमें प्रख्यात शिक्षाविद डॉ आलोक सोनवलकर, जिला समन्वयक बी पी गर्ग,व्यवस्थापक पंकज हर्ष श्रीवास्तव, स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल,डॉ रज्जन पटेल,शिक्षक पी सी शर्मा ने नशे से होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला।

## विद्युत विभाग में लाइनमैन को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विद्युत मंडल हटा में नगरीय क्षेत्र पदस्थ लाइनमेन रामआसरे चर्मकार के सेवानिवृत्त होने पर विद्युत मंडल कार्यालय में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में अभियंता आर के सहाय ने आयोजन के दौरान उपस्थितों के द्वारा विद्युत मंडल में विगत 36 वर्षों से नगर में उत्कृष्ट सेवाएं निरंतर प्रदान करने पर रामआसरे का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह के साथ में स्वागत सत्कार कर सभी की ओर से सुखद स्वस्थ एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत हुए राम आसरे के द्वारा शासकीय सेवा में एवं विभाग में किए गए कार्य का उल्लेख करते हुए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मिले वरिष्ठ एवं वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग एवं प्रेम के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बाबू अशोक असाटी, श्यामनाथ सेन, राममुनिद सिंह, रीकेश साहू, दिलीप विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा सहित विद्युत मंडल की अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## योग प्रभारियों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे डीईओ एस के नेमा के निर्देशन मे विकासखंड योग प्रभारियों की बैठक का आयोजन हुआ और 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर ब्लॉक स्तर पर और जिला स्तरीय आयोजन की समीक्षा और कार्ययोजना हेतु सुझाव और परिचर्चा हेतु बैठक का आयोजन हुआ। बैठक मे नव नियुक्त जिला योग प्रभारी अशोक पाठक ,जिला रमसा प्रभारी मोहन राय,जिला योग समिति अध्यक्ष योगी दीपक सिंह राजपूत , कृष्ण कुमार परौहा, राजकुमार सेन, पी सी शर्मा, अतुल सिंघई , विकासखंड योग प्रभारी बटियागढ डी सी बैन,दमोह विकासखंड योग प्रभारी सुरेन्द्र राय,तेन्दूखेडा विकासखंड योग प्रभारी महेन्द्र मरकाम,पथरिया ब्लॉक से देवेन्द्र सिंह,हटा ब्लॉक से नंदलाल अहिरवार,योगा एमटी धर्मेंद्र सिंह, मिथलेश मिश्रा, बाल गोविन्द अहिरवार,सहित योग प्रशिक्षत शिक्षको एवं मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला एवं ब्लाक के योग पदाधिकारी सहित पूर्व जिला योग प्रभारी श्री द्वारका करकारी की बैठक मै उपस्थिति रही।

## निसई सूखा में श्रुत अमृत पर्व मंदिर विधि के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री तारण तरण दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ निसई जी सूखा में श्रुत पंचमी को अमृत पर्व के रूप में मनाया गया , प्रातः तीन बत्तीसी का पाठ आयोजित हुआ। तत्पश्चात मंदिर विधि प्रारंभ की गई जिसमें बाल ब्रह्मचारी आत्मानंद महाराज द्वारा श्रुत पंचमी विषय को लेकर जानकारी दी। मंदिर विधि के समापन के बाद श्री अध्यात्म वाणी जी को मस्तक पर धारण कर चेत्यालय जी की तीन परिक्रमा तीन रत्ना त्रय आराधना स्वरूप की गई, ध्वजारोहण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे भूपेंद्र जैन ने कहा कि श्रुत पंचमी तारण तरण जैन समाज के लिए अमृत पर्व की तरह है इसी दिन जिनेंद्र भगवान की वाणी पुष्पदंत जी भूतबली जी महाराज द्वारा लिपिबद्ध की गई है। इन मुनिराजों का हम सब पर अनंत। उपकार है जिनके कारण आज हमें जिनवाणी उपलब्ध हो रही है। जैन ने कहा कि श्रुत पंचमी सूखा जी में विगत वर्ष भी स्नेह आनंद के साथ मनाई गई थी इस वर्ष भी यह आयोजन अति हर्ष के साथ संपन्न हो रहा है। आगामी समय में यह अमृत पर्व अतिशय भूमि निसई जी पर ज्ञान गोष्ठियों स्वाध्याय क्रम को आगे बढ़ाने हेतु बड़े स्तर पर आयोजित होगा। तीर्थ मंत्री के सी जैन सेठ रमेश जैन सहित उपस्थित तीर्थ कमेटी द्वारा अनुमोदना की गई , इस अवसर पर ब्रह्मचारी उदय चंद, सुषमा दीदी किरण दीदी बबीता दीदी द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया। डालचंद जैन प्रदीप जैन कमलेश जैन निमिष जैन निसर्ग जैन बरेली ,मणिलाल जैन दमोह आशीष शास्त्री पथरिया भूपेंद्र जैन शास्त्री अनीता जैन सहित गुरु भक्तो की उपस्थिति रही। अंत में पात्र भावना का आयोजन कर कमेटी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## भारतीय शक्ति चेतना पार्टी 7 को स्थापना दिवस पर निकलेगी रैली व आमसभा

**तेंदूखेड़ा।** नगर तेंदूखेड़ा मे आगामी 7,जून को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है इस आयोजन मेभारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहिन संध्या शुक्लाएवं राष्ट्रीय महा सचिवआशीष शुक्ला जी का शुभ आगमन हो रहा है। यह कार्यक्रम आचार्य विधासागर दयोदय गो शाला प्रांगण तेंदूखेड़ा मे होने जा रहा है। भारत माता की सेवा के लिए पूर्णतः संकल्पित एवं समर्पित भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जो धर्मसम्राट युग चेतना पुरूष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में 7 जून 2013 से समाज सेवा के लिए कार्य कर रही है। ` नगर तेन्दूखेडा में,भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की विचारधारा से अवगत कराने हेतु 7 जून 2025 शनिवार दोपहर 3 बजे से विशाल रैली एवं आमसभा का आयोजन आचार्य विद्यासागर दयोदय गौशाला प्रांगण तेन्दूखेडा में किया जा रहा है।



## शास्त्रों का रख रखाव कर मनाई श्रुत पंचमी

**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर ने ज्ञान की आराधना का महापर्व श्रुतपंचमी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। पटेरा में सिंघई मंदिर एवं बड़े मंदिर जी में पदाधिकारियों ने जिनवानी पूजन कर अभिषेक , शांतिधारा व पूजन किया। साफ सफाई कर शास्त्रों का रख रखाव किया गया। सिंघई मंदिर में राजेंद्र बजाज, नीलेश सराफ, महेश जैन व बड़े मंदिर में मंत्री महेश जैन, प्रमोद बड़कुल, राजेश सेठ, जितेन्द्र बड़कुल, रतन जैन, संजय सहित अन्य सदस्यों को उपस्थिति रही।

# शौर्य यात्रा निकाल कर मनाई वीर महाराणा प्रताप की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा में क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में नगर में ढोल-नगाड़ों के साथ धूमधाम से नगर में विशाल शोर्य यात्रा निकालकर मनाईं गई। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार की शाम गौरीशंकर मंदिर प्रांगण स्थित दद्दा कला मंच पर गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर क्षत्रिय राजपूत समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा वीर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर महाराणा प्रताप की वीरता पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत नगर में शौर्य यात्रा का शुभारंभ किया गया जो रतन बजरिया से बड़ा बाजार, मंदिर मस्जिद चौराहा से राय चौराहा तीनबत्ती तिगड्डा, पेट्रोल पंप से चड्डी जी मंदिर से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शौर्य यात्रा में वीर महाराणा प्रताप की भव्य अलौकिक मूर्ति आकर्षण का केंद्र रही। शौर्य यात्रा में दूर दूर से आये क्षत्रिय राजपूताना परिवार के सदस्य यात्रा में आगे आगे घोड़े पर सवार राजपूत सरदार भगवान झंडा फहराते हुए चल रहे थे वही हाथ में भाला लिए द्वारपाल आकर्षण का केंद्र रहे। समाज के युवा वर्ग यात्रा में डीजे बैंड बाजों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। वहीं बड़ी संख्या में मातृशक्ति राजपूत परिधान में शामिल रही। क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा नगर में निकाली गई शौर्य यात्रा का नगर में लोगों ने जगह-जगह पुष्प बरसा कर भव्य स्वागत किया। शौर्य यात्रा में नगर सहित समूचे जिले से क्षत्रिय राजपूत समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं वर्षगांठ मनाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

अखिल भारतीय पाल महासभा तहसील पथरिया द्वारा अध्यक्ष कुंजीलाल पाली के निवास पर पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समस्त ग्रामों के स्वजातीय समाज बंधु पधारे। जिसमें तहसील अध्यक्ष कुंजीलाल पाली द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया वही सभी समाज के लोगों द्वारा तिलक पुष्प लगाकर देवी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति पर अर्पित कर उन्हें नमन किया लोकमाता के जीवन पर संक्षेप में प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुरलीधर पाल शिक्षक, तीरन पाल छैघरा,नन्हेंभाई, संतोष पाल बासाकंला,मोहन पाल, मुकुंदी पाल,नाथूराम पाल केवलारी, करोड़ीलाल, रामदयाल पाली,महेश,डरे,हल्ले, रामकृष्ण पाल, लखरोनी,अशोक पाल सतौआ,कमलेश पाल,पप्पू पाल,लखन पाली कांकरदा, मोहन पाल बोतराई, मोहन पाल सुजनीपुर, गोपाल पाल,गौतम पाल सेमरा हजारी, हरप्रसाद पाल सतपारा,केशवराम पाली, दीनदयाल पाली,महेंद्र पाली सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी में भी लोक माता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती बस स्टैंड पर मनाई गई। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष कुंजीलाल पाली मोहन पाल केवलारी, मुरलीधर पाली बासाकलां सहित ग्रामीण उपस्थित रहें।

## जर्जर केबल बदलने का कार्य जारी : जेई

**तेंदूखेड़ा।** बिजली विभाग की पहल पर इन दिनों नगर के विभिन्न वार्डों में लगे करीब दो दशक पुराने जर्जर केबिल, विद्युत बॉक्सो, जहां पुराने हटाकर नये ट्रांसफार्मर लगना है को बदलने का काम चल रहा है। जिसके लिए विद्युत कंपनी के एवं ठेकेदार के लोग लगातार काम कर रहे ज्ञात हो कि दो दशक पुरानी केविल के कारण आए दिन विद्युत पोलो में लगी केविलो में कभी आग तो कभी खराबी आ रही थी जिसके कारण फाल्ट बन रही थे इन फाल्टों को ढूंढने में काफी समय बर्बाद होता था जब तक फाल्ट नहीं मिलता तब तक विद्युत अवरोध रहती थी। साथ ही पोलो पर तारो का मकड़जाल फैला था इतना ही नहीं पोलों पर लगे बॉक्स संपूर्ण रूप से जल चुके थे जिसके कारण विद्युत को सुचारू रूप प्रदान करने में विद्युत कंपनी भी हैरान परेशान थी। ऐसी स्थिति मै कर्मचारियों द्वारा एक जगह की विद्युत व्यवस्था सुधारी जाती तो तब तक दूसरी जगह की बिगड़ जाती थी साथ ही विद्युत कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी भी हैरान परेशान थे। नगर में एक जगह विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए संपूर्ण नगर की विद्युत व्यवस्था बंद करनी पड़ती थी। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए विद्युत कंपनी के कनिष्ठ अभियंता एम एफ अंसारी के द्वारा लगातार इस व्यवस्था को सुधारने की प्रयास किए गए। साथ ही कई बार पत्राचार किया गया उनके सराहनी प्रयास के कारण नगर में लगे पुराने ट्रांसफार्मर , जर्जर केविल , पोलो में लगे संपूर्ण बॉक्सो को बदलने का काम शुरू हो चुका है। शुरुआत में सबसे पहले गौशाला मार्ग के ट्रांसफार्मर की संपूर्ण केबिलों बॉक्सो को बदला जा रहा है इस संबंध में विद्युत कंपनी के कर्मचारी सुधीर पटेरिया मैं बताया कि संपूर्ण नगर की धीरे-धीरे विद्युत केबल एवं बॉक्सो को बदलकर एक नया रूप दिया जा रहा है 40 फीट ऊंचे लोहे की खंबे भी लगवाए जा रहे हैं। इसके अलावा नगर में लगे ट्रांसफार्मरो से अलग-अलग नगर के वार्डों की लाइनों के कनेक्शन किया जा रहे हैं ताकि जिस आगे



जब जिस जगह की विद्युत व्यवस्था में गड़बड़ी होगी केवल विद्युत सप्लाई उसी जगह के कुछ स्थान की रुकी जाएगी। बाकी पूरी नगर की विद्युत सप्लाई इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि एक व्यक्ति की अभी विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा है तो केवल कुछ ही सीमित जगह की विद्युत व्यवस्था बंद कर कार्य किया जाएगा। विद्युत कंपनी की योजना है कि विद्युत उपभोक्ता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए विभाग जेई एम एफ अंसारी द्वारा पूर्व में किए गए प्रयास सफल हो गए हैं। आगे उपभोक्ता विद्युत कंपनी की प्रयास के सहभागी बनेगे। विद्युत कंपनी जेई अंसारी का कहना है कि नगर में लोहे के खंबे ,पुरानी विद्युत केबिल, विद्युत खाम पर लगे कनेक्शन बॉक्सो, ट्रांसफार्मरो को बदलकर एक नई व्यवस्था देने का कार्य विद्युत विभाग द्वारा किया जा रहा है पूर्व में आने वाली परेशानियों से उपभोक्ताओं को आगे निजात मिल जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अहिरवार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सूर्यवंशी का अगमन आज

**दमोह।** अहिरवार समाज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम अहिरवार ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जिले के समस्त अहिरवार समाज के समाज सेवियो से अनुरोध किया है कि दिनांक 2 जून 2025 साय 4 बजें अहिरवार समाज संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सूर्यवंशी एवं प्रांतीय अध्यक्ष दि. बुद्दिष्ट सोसायटी आफ इंडिया एवं अहिरवार समाज संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एम.एल. वर्मा का दमोह आगमन हो रहा है वह स्थानीय शहनाई गार्डन में अहिरवार समाज के समाज सेवियो का अपना उदबोधन देगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक अहिरवार समाज के व्यक्तियों महिलाओं से उपस्थिति की अपील की है।

### नगर पालिका पेंशनर संघ की कार्यकारिणी घोषित

**दमोह।** नगर पालिका पेंशनर संघ के द्वारा रविवार को नगर पालिका पेंशनर संघ के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु द्वारका प्रसाद सेन एवं सचिव पद हेत जगदीश यादव को पुनः सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी तैयार कर उसकी घोषणा संघ की मासिक बैठक के दौरान की गई। जिसमें संरक्षक मंडल में रामेन्द्र पाठक, मनोहर लाल चौरसिया, विजय सिंह ठाकुर, मुन्नीलाल विश्वकर्मा, प्रताप रोहित, कार्यवाहक अध्यक्ष कमलेश दुबे, उपाध्यक्ष सुश्री नुपुर लता, लल्लू लाल चौरसिया, प्रेम सिंह ठाकुर, महेश करोसिया, कोषाध्यक्ष सैयद इमदाद हुसैन, प्रचार सचिव राजेश करोसिया, कार्यकारिणी सदस्य तुलसीराम मिश्रा, संजय प्रजापति, मातादीन खरारे, रघुनाथ, श्रीमती आशा रानी, श्रीमती प्रेमा बाई, श्रीमती रामबाई, श्रीमती मुन्नी बाई कोरी, कोमल बाई शामिल हैं।

अगले हफ्ते टीम सर्वे और एनालिसिस करने फिर आयेगा दल

# चार सदस्यीय टीम ने जिले के 12 ब्लैक स्पॉट एवं 2 हॉट स्पॉट को जांचा-परखा

**सर्वे करने के बाद बेहतरी के लिए प्रयास किये जायेंगे ताकि एक्सीडेंट शून्य हो जायेः प्राध्यापक अनुज जायसवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत रोड सेफ्टी सर्वे एवं एनालिसिस हेतु मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MANIT) मैनिट टीम के प्राध्यापक अनुज जायसवाल ने टीम के साथ जिले के 12 ब्लैक स्पॉट एवं 02 हॉट स्पॉट का भ्रमण किया। 04 सदस्यीय टीम में प्राध्यापक अनुज जायसवाल, सहायक प्राध्यापक प्रितिकना दास, अरवन प्लानर परिजात जैन, पीएचडी स्कालर मेघनाद शामिल रहे। भ्रमण के उपरांत टीम ने सर्किट हॉउस में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी से चर्चा की। भ्रमण की रिपोर्ट भी सौंपी। इस सबंध में प्राध्यापक अनुज जायसवाल ने कहा कलेक्टर दमोह ने पत्र लिख कर सर्वे करने कहा था, दमोह में एक्सीडेंट की संख्या बढ़ रही है, उसके सेफ्टी मेसर्ज क्या-क्या हो सकते है, टीम ने जितने भी



लोकेशन्स, ब्लैक स्पॉट्स सबका विजिट किया है। उन्होंने कहा सर्वे के दौरान कुछ समस्याए प्रारंभिक तौर पर सामने आई हैं जिन्हें सबंधित विभागों को निर्देश दिए गये हैं, अब टीम स्टडी करेगी, अगले सप्ताह पूरी टीम के साथ पुनः आएँगे और सर्वे करने के बाद हम बेहतरी के लिए जितना भी कर सकते है और कोशिश करेंगे कि एक्सीडेंट शून्य हो जाये।

उन्होंने कहा विजिट के दौरान कुछ कारण भी समझ में आ है, एक्सीडेंट क्यों हुए, अगर कोई भी एक्सीडेंट हो रहा है, तो इसका मतलब कहीं ना कहीं तो कुछ ना कुछ तो घटना है, काफी कुछ कारण हमको समझ में आ गया है, कोशिश करेंगे कि जल्दी से जल्दी हम अपनी रिपोर्ट बना के सबमिट करते हैं ताकि जो मेजर्स, सोलूशन्स हमने प्रपोज किए हैं वो तत्काल जो कंसर्न अथॉरिटी एम.पी.आर.डी.सी अपना करके उसको करे ताकि दमोह के लोगों को थोड़ी सी राहत मिलेगी। श्री जायसवाल ने कहा हमारा भी कर्तव्य है कि सेफ ड्राइविंग साथ ही हम सब रूल्स को फॉलो करे ताकि विलेजेस, विलेज रोड जो हाईवे से मिल रही है, हमको मालूम होना चाहिए कि यहॉ धीरे चलना है।

बैठक उपरांत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिस प्रकार से जिले में सड़क दुर्घटनाएं अलग-अलग जगहों पर हो रही थी, वो बहुत ही चिंता का विषय है और जब दुर्घटनाए बहुत बढ़ गई तो निर्णय लिया एक्सपट्र्स से जांच कराना बहुत ज़रूरी हो गया है जिसके लिए मैनिट जो हमारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में संपर्क किया गया। डॉ. अनुज जायसवाल के नेतृत्व में 4 सदस्यीय टीम ने दौरा किया गया। इनके साथ यातायात टी. आई, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अधिकारी, नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड अधिकारी, एम.पी आर.डी.सी के अधिकारी, पी.डब्ल्यू.डी अधिकारी, परिवहन विभाग अधिकारी सभी संबंधित विभागों का जो अमला था।

उन्होंने कहा टीम ने ब्लैक स्पॉट और हॉट स्पॉट्स का दौरा किया है। अब इसके बाद डिटेल्ड इन्वेस्टिगेशन के लिए अगले हफ्ते में लोग यहाँ पर आना प्रारंभ करेंगे लगभग उनको 01-1.5 महीना पूरी स्टडी करने में लगेगा और उसके बाद ड्राइंग डिजाइन के साथ हमको पूरी रिकमेन्डेशन प्रस्तुत करेंगे कि कौन सी एजेंसी को क्या करना है और किस तरह से कार्रवाई की जानी होगी और रिपोर्ट उनकी इस तरह से बनी होगी। शार्ट टर्म मेजर्स अल्पकालीन जो तुरंत काम करना है और दीर्घकालीन क्या करना है और दो और प्रकार से कि कौन सी ऐसी चीज़ है जो टेक्निकल ठीक करनी है और कौन सी ऐसी चीजें जो बिहेवियरल की सब कुछ अच्छा है, सड़क पर लेकिन लोग गड़बड़ कर रहे है तो दोनों तरह की चीजों के ऊपर अपनी अनुशंसा देंगे और उसके बाद उनको लागू करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा आगे चल करके जिले में रोड सेफ्टी को लेकर व्यवस्था सुधारने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

रेलवे के इंजीनियर की सड़क दुर्घटना में मौत

# रेलवे के ट्रैकमैन को टक्कर मारकर ट्रैक्टर-ट्राली पलटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह कटनी रोड पर टोल प्लाजा के पास शनिवार रात को हुए एक सड़क हादसे में रेल विभाग के इंजीनियर डिपार्टमेंट के कार्यरत एक ट्रैकमैन की दर्दनाक मौत हो जाने का दुखद घटना क्रम सामने आया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है इधर हादसे की खबर से परिजनों के साथ रेल विभाग से जुड़े लोगों में शोक की लहर व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांदकपुर रेल्वे स्टेशन पर पदस्थ राजेश पिता लट्टू यादव उम्र करीब 35 वर्ष को बांदकपुर टोल के आगे ट्रैक्टर ट्राली अपनी चपेट में लेकर पलट गई। हादसे के बाद उनको जब तक उनको जिला अस्पताल पहुंचाया जाता तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिला अस्पताल ले जाने पर उनका मृत घोषित कर दिया गया। उनका शव जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवा दिया गया है। घटना के संदर्भ में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है। लेकिन घटनास्थल की जो तस्वीर सामने आई है और मैं साफ नजर आ रहा है कि ट्रैक्टर ट्राली काफी तेज स्पीड में रही होगी तथा टक्कर मारने के बाद आमंत्रित होकर पलट गई तथा इसकी चपेट में आए रेलवे के ट्रैकमैन की जान को नहीं बचाया जा सका। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी कर्मचारी, सहयोगी लोग जिला अस्पताल पहुंचकर शोक संवेदना जताते नजर आए।

## दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर दिशा सूचक यंत्रों की कमी

**सिंग्रामपुर।** दमोह कलेक्टर के निर्देशन पर भोपाल से टीम ने सिंग्रामपुर में दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि सड़क निर्माण कंपनी द्वारा दिशा सूचक यंत्र नहीं लगाए गए थे। निरीक्षण टीम में NHAI.PIU से साइड इंजीनियर नीलेश, कंसल्टेंसी टीम से रणविजय, RE साइड इंजीनियर जितेंद्र, और पेट्रोलिंग टीम से आनंद अहिरवार और सत्येंद्र ठाकुर शामिल थे। कंपनी को निर्देश दिए गए हैं कि रोड पर जो कार्य अभी पेंडिंग है वह जल्द से जल्द पूरा किया जाए और ब्लैक स्पॉटों में साइन बोर्ड और स्पीड बोर्ड लगाए जाएं। दमोह कलेक्टर की पहल पर यह निरीक्षण किया गया था, जिसका उद्देश्य एक्सीडेंट रोकथाम के लिए रोड सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करना था।

## जून में पांच दिन विवाह के शुभ मुहूर्त, फिर चार माह बाद ही बज पाएगी शहनाई

**तेंदूखेड़ा।** जून माह की शुरुजात रविवार से हो चुकी है। इस माह केवल पांच दिन ही विवाह के शुभ मुहूर्त है। ये सभी शुरुआती दिनों में हैं। इसके बाद विवाह के लिए कोई मुहूर्त नहीं है। पं. गोपाल शास्त्री के अनुसार जून के बाद सीधे चार माह बाद नवंबर में ही विवाह के शुभ मुहूर्त मिलेंगे। पं. शास्त्री ने बताया कि पहला मुहूर्त दो जून सोमवार को है। दूसरा चार जून बुधवार को है। तीसरा मुहूर्त पांच जून गुरुवार को हैं। चौथा मुहूर्त सात जून शनिवार को है। पांचवा मुहूर्त आठ जून रविवार को हैं। बताया कि इसके चार माह बाद तक कोई विवाह मुहूर्त नहीं है। बीच में चातुर्मास का प्रारंभ हो जाएगा। इस वजह से कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होंगे। चातुर्मास नौ जून से एक नवंबर तक रहेंगे। दो नवंबर से विवाह के शुभ मुहूर्त बनेंगे। ऐसे में जून के बाद शादी के लिए चार माह का इंतजार करना होगा। पं. शास्त्री ने बताया कि नवंबर से विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे, जो दिसंबर तक चलेंगे। इस दौरान १७ दिन विवाह का योग है। नवंबर माह में विवाह के १४ और दिसंबर माह में विवाह के तीन गुहूर्त मिले हैं। उनके अनुसार नवंबर माह के दो, तीन, छह, आठ, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 और 30 तथा दिसंबर माह के चार, पांच और छह को विवाह के मुहूर्त बन रहे हैं। गृह प्रवेश के लिए जून माह में दो शुभ मुहूर्त पं. शास्त्री ने बताया कि जून माह में गृह प्रवेश के लिए दो दिन शुभ मुहूर्त है। इसके बाद अक्टूबर माह तक इंतजार करना होगा। जो लोग जून माह में गृह प्रवेश कराना चाहते हैं वे चर जून बुधवार व छह जून शुक्रवार को गृह प्रयेश करा सकते हैं। इसके बाद गृह प्रवेश का शुभ मुहूर्त अक्टूबर माह में तीन, नवंबर में आठ व दिसबर माह में तीन मुहूर्त मिल रहे हैं।



**नवंबर और दिसंबर में विवाह के 17 मुहूर्त**

## गौ माता की बर्बर हत्या से मचा बवाल, पुलिस के एक सप्ताह बाद भी खाली हाथ

**बनवार।** एक सप्ताह पूर्व में एक निर्दोष गाय के साथ हुई बर्बरता ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। हर किसी की जुबान पर एक ही चर्चा है क्या इंसानियत मर चुकी है इस तरह से भी कोई विभत्स तरीके से गौ हत्या कर सकता है हैरानी की बात तो है चंडी चौपरा में ही चंडी चौपरा के ही स्थानीय लोगों पर ही गौ हत्या के आरोप हिंदू संगठनों के द्वारा लगाए गए और ऐसी भी लोगों की जुबां पर चर्चा है कि गौ हत्या करने वालों की जानकारी गांव के लोगों को है लेकिन दबाव बस कोई खुलकर पुलिस को कुछ भी बताने को तैयार नहीं है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं गाय की हत्या के मामले में जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि गाय की हत्या मामले में 12 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिनमें से 11 लोग थाने पहुंचे थे। अभी तक किसी के खिलाफ पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं।अब देखना होगा आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस क्या करती है जब तक पुलिस जांच पूरी नहीं कर लेती और आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य एकत्रित नहीं कर लेती आरोपियों को गिरफ्तार भी नहीं, कर सकती है तब तक गौ हत्या का सच लोगों के सामने नहीं आएगा। बता दे दमोह जिले के जबेरा थाना क्षेत्र के ग्राम चंडी चोपरा में 26 मई 2025 को एक गाय की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।इसमामले में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने जबेरा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द हत्यारों को पकड़ने की मांग की। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही हत्यारों को नहीं पकड़ा गया, तो वे एसपी ऑफिस के सामने पुलिस की निषक्रियता के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## दिनदहाड़े चोर ने मंदिर में मुकुट किया चोरी, कैमरे में कैद हुआ चोर

**हटा।** नगर के बालाजी वार्ड स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार शाम दिनदहाड़े एक चोर द्वारा वेखोप होकर मंदिर में घुसकर हनुमानजी को लगा चांदी का मुकुट चोरी कर रफू चक्कर हो



गया उक्त चोरी की वारदात मंदिर की समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार बालाजी वार्ड स्थित हनुमानजी के मंदिर में शनिवार की शाम एक अज्ञात चोर द्वारा मंदिर में घुसकर हनुमानजी को लगा चांदी का मुकुट उतार कर ले गया जब संध्या कालीन में भक्तों ने मंदिर में जाकर पूजा के दौरान देखा तो मुकुट नहीं मिला जिसकी फुटेज सीसीटीवी कैमरे में देखी गई तो एक कर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहा है जिसकी सूचना लोगों द्वारा पुलिस थाना हटा में दी गई जहां पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोर की सघनता से तलाश की जा रही है।

## विशुद्ध विज्ञान मय यज्ञ की शाश्वत खोज संस्कृति का प्रथम स्वरूप हैः श्री भगवान

**दमोह।** यज्ञ, एक वैदिक अनुष्ठान है, जिसे भारतीय संस्कृति में विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है। यज्ञ के पीछे का विज्ञान भी है, जो इसे केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बनाता, बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया बनाने में मदद करता है यज्ञ में उपयोग की जाने वाली सामग्री, जैसे कि घी, समिधा और आहुतियां, विशेष गुणों वाली होती हैं जो वातावरण को शुद्ध करने और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करती हैं। इसलिए



विशुद्ध विज्ञान केवल यज्ञ पर ही आश्रित है ऐसा कथन महंत श्री भगवान वेदांताचार्य के गहन विचारों से प्राप्त हुआ जिसमें वे आगे कहते है कि यज्ञ का वैज्ञानिक पक्ष वातावरण की शुद्धिकरण में सहायक है यज्ञ में जलती हुई अग्नि से निकलने वाला धुआं वातावरण को शुद्ध करता है और हानिकारक जीवाणुओं को नष्ट करता है। जिससे स्वास्थ्य लाभ होता है यज्ञ में उपयोग की जाने वाली सामग्री में औषधीय गुण होते हैं जो विभिन्न बीमारियों से लड़ने में सहायता करते हैं। और मानसिक शांति भी देते है यज्ञ के दौरान मंत्रों का जाप और अग्नि की उपस्थिति मानसिक शांति प्रदान करती है। वैदिक मंत्रों की ध्वनि और ऊर्जाओं को एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित किया जाता है जो मानव के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए फायदेमंद होता है। यज्ञ का धार्मिक पक्ष देवताओं को प्रसन्न करने से है। जिससे बारिश होती है बर्षा से अन्न होता है अन्न से प्राण की रक्षा इसी क्रम में सकाम यज्ञ कुछ विशिष्ट कामनाओं की सिद्धि के लिए किया जाता है, जिसमें सेना के शौर्य और ऊर्जा के लिए नवतपा जैसे भीषण गर्मी में साधना मार्ग पर चल कर *२ पंडितों की उपस्थिति में जीवन साधना का एक मार्ग आत्म-साक्षात्कार की ओर ले जाएगा यज्ञ और विज्ञान का संबंध धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों पहलू के क्रियात्मक पक्ष से हैं। यज्ञ एक प्राचीन परंपरा है जो सदियों से चली आ रही है, और इसके वैज्ञानिक पहलू भी हैं जो आधुनिक विज्ञान के साथ मेल खाते हैं। इसलिए हमें प्रकृति की आवश्यकता को देखते हुए यज्ञ की विधाओं का पालन करना चाहिए।

## देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई

**जबेरा।** देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती गड़रिया महासभा ब्लॉक जबेरा द्वारा उत्साह एवं उमंग के साथ बनाई गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में समाज जनों की उपस्थिति में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देवी अहिल्याबाई जयंती के अवसर पर गुड़रिया महासभा ब्लॉक अध्यक्ष भगवत धनगर



के मार्गदर्शन में ग्राम कलहरा से देवी अहिल्याबाई जी का पूजन अर्चन कर बाइक रैली एवं शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। जो जबेरा, सिंग्रामपुर, कोड़ाकला, सगोड़ी, भजिया, सिंगपुर होते हुए कार्यक्रम स्थल कटाव धाम में रैली एवं शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान शोभायात्रा में छोटे-छोटे बच्चे बालिकाएं देवी अहिल्याबाई की वेशभूषा में रथ पर सवार होकर चल रहे थे जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा का प्रताप सिंह देवासी बीकानेर जबेरा सहित जगह जगह पूजन अर्चन कर जलपान की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा एवं रैली के कटाव धाम पहुंचने पर देवी अहिल्याबाई होल्कर जी का विधि विधान से पूजन अर्चन कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान गड़रिया महासभा ब्लॉक अध्यक्ष भगवत धनगर, पूर्व सरपंच प्रमोद धनगर, विनय धनगर, राजकुमार पाल सिहोरा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई जी ने देश की प्रगति में विशेष योगदान दिया है साथ ही महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया और समाज के हर जन के विकास एवं उत्थान के लिए कार्य करती रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष मनीष धनगर, सचिव कैलाश धनगर, प्रकाश धनगर, गन्नू धनगर, शरद धनगर, चेतराम धनगर, संतोष धनगर, ज्ञानी धनगर, परम धनगर, पंजी धनगर, शोभा धनगर, जीवन धनगर, अखिलेश धनगर सहित अनेक ग्रामों से समाज जन की उपस्थिति रही।

## कुम्हारी पुलिस ने 81 लीटर अवैध शराब की जप्त

**कुम्हारी।** पुलिस ने एक हाईवा कार से 81 लीटर अवैध शराब जप्त की। पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन मे श्रीमान एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन पर थाना प्रभारी कुम्हारी उनि. बृजेश पाण्डेय व उनकी पुलिस टीम के प्रयास से वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना कुम्हारी के ग्राम पिपरिया मल्ल में दिनांक-30-31.05.25 की दरम्यानी रात्री मे मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दबिश देकर एक ट्राईवर कर में से 06 पेशी लाल मशाला शराब, 03 पेटी देशी प्लेन शराब जप्ती की गई है। आरोपी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा है। 06 पेटी लाल मशाला एवं 03 पेटी देशी प्लेन कुल 09 पेटी 81 लीटर अबैध शराब कीमती करीचन 45000 एवं घटना में प्रयुक्त एक टाईवार कार कीमती करबीन 600000 जप्त की गई। कार्यवाही में उनि, बृजेश कुमार पाण्डेय, सउनि गोविन्द सिंह आरक्षक राजेश कुमार, आरक्षक रमाकांत, आरक्षक आशीष, आरक्षक रामबहादुर, से. प्रीतम सिंह चालक धर्मन्द्र सिंह लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# प्राचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी समारोहपूर्वक विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शासकीय हाई स्कूल बरधारी के प्राचार्य एम एल जैन का सेवानिवृत्ति समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल,कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के मुखिया जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा और विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री वाई के कोरी जी ने की। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन करने के पश्चात आमंत्रित अतिथियों के स्वागत बेला के पश्चात जिले से पधारे अधिकारी गण और कर्मचारियो के द्वारा प्राचार्य का माल्यार्पण कर शाल,श्रीफल देकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि के द्वारा प्राचार्य के कार्यकाल को लेकर प्रशंसा की गई और क्षेत्र और समाज के कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया गया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमाजी ने प्राचार्य के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि हम सभी को जैन सर से सीख लेने की जरूरत है साथ ही जिले से पधारे सहायक संचालक एन सिंह ठाकुर,प्राचार्य डीके मिश्रा, आरके व्यास, आलोक सोनवलकर, एपीसी मोहन राय और श्रीमती कुलदीप सहमी मैडम सभी ने सर के कार्यकाल पर अपनी अपनी बात रखी। श्रीमती मनीषा जैन मैडम के द्वारा प्राचार्य श्री एम एल जैन सर की सेवानिवृत्ति पर कविता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जैन एवं श्री आरबी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक एम एल जैन,प्राचार्य डीके जैन, पारस जैन, पीके जैन, नरेश अहिरवार, इसरार खान, कुमेरिया संकुल प्राचार्य राजेंद्र राठौर, ग्राम बरधारी के सरपंच श्रीमती नम्रता किशोर शुक्ला, ग्राम झागर के बीडीसी कालूराम कुर्मी, कनई पटेल लिम्मरदार, पटेरिया, संस्था से शिक्षक बी आर अहिरवार ,सुरेश कुमार मुड़ा, डालचंद असाटी, आर के दुबे, दशरथ पटेल,राजेश अहिरवार, श्रीमती रिचा सोनी, खिलान सेन सहित शिक्षा जगत के तमाम लोगों सहित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# 244वां उर्सः हजरत बाबा सैयद तैय्यब अली शाह शहीद का उर्स अकीदतमंदी और धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



हजरत बाबा सैयद तैय्यब अली शाह शहीद रहमतुल्लाह अलैह का 244वां सालाना उर्स शनिवार को अकीदतमंदी और श्रद्धा के साथ मनाया गया। उर्स के मौके पर दरगाह शरीफ पर चादर पेश की गई और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में शहीद हुए जवानों को दो मिनट की श्रद्धांजलि देकर की गई। इसके बाद उर्स कमेटी द्वारा आयोजित कव्वाली महफिल में अहमदाबाद से आए मशहूर कव्वाल अनीस नवाब और भोपाल के मुकर्रम अली वारसी ने अपने सूफियाना कलामों से समां बांध दिया। श्रद्धालु देर रात तक कव्वाली का आनंद लेते रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामबाई सिंह परिहार, गौरव पटेल, राजेंद्र बिदोल्या, जनपद सदस्य ललती मोदी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत कर उर्स की रौनक बढ़ाई। उर्स के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिले के विभिन्न इलाकों से आए हजारों अकीदतमंदों की मौजूदगी में यह आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उर्स के जरिए इलाके में आपसी सौहार्द, भाईचारा और गंगा-जमुनी तहज़ीब का पैगाम दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था में देहात थाना पुलिस बल पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ पुलिस बल तैनात रहा। मईसेम सीमेंट फैक्ट्री हीडलबर्ग नरसिंहगढ़ के द्वारा भी हमेशा की तरह इस बार भी सुरक्षा गार्ड और सफाई कर्मियों की पानी के टैंकर आदि की व्यवस्था की गई । उर्स कमेटी में इस मौके पर कार्यक्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष नदीर ख़ान, अध्यक्ष दाऊद सौदागर, आसिफ अंजुम, सिकंदर रईन, रब्बू ख़ान, आज़ाद, नफ़ीस बाबा, फ़रहान ख़ान, समीम ख़ान और अब्बू सुल्तानी आदि मौजूद रहे। देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने बताया कि सीमेंट फैक्ट्री की सुरक्षा गाड्र्स का सहयोग रहा और नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी और सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।